तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025



10 रसेला में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी...



11 शिक्षक रजत व राहुल का उत्कृष्ट शैक्षणिक के लिए किया सम्मानित






## भाठीगढ़ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ी भक्तों की भीड़, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर और आसपास के पूरे क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान, भक्तों ने मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना की। मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल, पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ स्थित राधाकृष्ण मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। यहां महाराज रामदास वैष्णव ने राधा-कृष्ण की मूर्ति का विशेष श्रृंगार किया और मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोग भाठीगढ़ पहुंचकर सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, मैनपुर

### गांव- गांव 24 घंटा अखण्ड रामसत्ता, भजन कीर्तन का हुआ आयोजन





विकासखंड के कई गांवों में परंपरा के अनुसार अखंड रामायण, रामधुनी और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जयंतीनगर, भाठीगढ़, गोपालपुर, राजपुर, हरदीभाठा, जांगड़ा, जुंगाड़, शोभा, गौरगांव, धवलपुर, इदागांव, देहारगुड़ा, नवागढ़, अमलीपदर, और कांदाडोंगर जैसे कई गांवों में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। ग्राम जिड़ार में जन्माष्टमी के अवसर पर झूले और 24 घंटे के अखंड रामायण का आयोजन किया गया, जिसमें कई संकीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आचार्य मोहन प्रसाद पांडेय, टीकम कपील, महेंद्र कपील, सुंदर कपील, रामस्वरूप साहू, गंगाराम जगत, दुलार सिन्हा, चैतराम नागेश, अमरसिंह मरकाम, मिलन सिंह, और छगन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। चारों ओर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंज रहे थे, और हर घर में यह पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## खबर संक्षेप



### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर की एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया ज्योति कोसरिया ने बताया कि 16 अगस्त की दोपहर करीबन 2.30 बजे वह अपने घर में रहकर काम कर रही थी। तभी उसका पति नाथूराम कोसरिया, मेरे माता-पिता का ध्यान नंही रखती हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले को लेकर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तीजा पर्व 26 अगस्त को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार तीजा इस महीने की 26 तारीख को मनाया जाएगा। श्रीसत्यनारायण मंदिर खट्टी के पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 23 अगस्त शनिवार को पोला, 26 अगस्त मंगलवार को तीजा और 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।

### मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** मोबाइल तोड़ने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजे ने मारपीट कर दी। मामले को लेकर पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मीलाराम साहू निवासी ग्राम ठाकुरदियाखुर्द ने बताया कि 15 अगस्त को दोपहर 1-2 बजे के बीच उसके नाती और यशवंत साहू के बेटे के बीच मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर झगडा हुआ था। इसके बाद वह 16 अगस्त को सुबह करीबन 7.30 बजे अपनी गाय को गौठान ले जा रहा था, इसी दौरान बच्चे के द्वारा मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर उसका भतीजा यशवंत साहू आया और गाली देते हुए मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सूअर खाने के शक में सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सूअर खाने के शक में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी अवधराम कुलदीप निवासी वार्ड नं एक शंकर नगर महासमुंद ने बताया कि नगर पालिका महासमुंद में सफाई का काम करता हूं। 13 अगस्त की रात करीबन 8.30 बजे आरोपी मुन्ना डेरा सुभाष नगर महासमुंद, संग्राम देवार, दुल्ला देवार, किशोर देवार उसके घर आए और और उसे सुअर को मारकर खाया है कहकर गाली गलौज करने लगे। जब वह बाहर आया तब दुल्ला ने कहा कि तुमने हमारे घर के सूअर को मार मारकर खाया है। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि मैं नहीं खाया हूं। लेकिन आरोपी एक राय होकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट एवं धक्का मुक्की करने से वह दरवाजे के चौखट से जाकर टकराया और सिर में चोट लगी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दहशत : 15 अगस्त की सुबह बाघ की चहलकदमी करते तस्वीर फिर कैमरे में कैद

# उदंती में हाथियों ने पहाड़ों पर डाला डेरा, बाघ की मौजूदगी से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के लिए स्वतंत्रता दिवस का दिन एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया। यहां जंगल में लगाए गए ट्रैप कैमरे में एक बार फिर बाघ की चहलकदमी कैद हुई है। कुछ दिनों पहले भी बाघ ने एक मवेशी का शिकार किया था, जिसकी पुष्टि टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने की थी। बाघ की लगातार मौजूदगी से वन विभाग की खुशी दोगुनी हो गई है। वन विभाग की कड़ी मेहनत और जंगल में अनुकूल वातावरण तैयार करने के बाद ही बाघ की वापसी हुई है। इस क्षेत्र को वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित बनाने में दो साल लगे। अब यहां एक 4-5 साल का नर बाघ नए मेहमान के रूप में वापस आया है। उसकी सुरक्षा के लिए वन विभाग दिन-रात जुटा हुआ है। उपनिदेशक वरुण ▸▸ शेष पेज 10 पर

- उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखा बाघ, वन विभाग की मेहनत लाई रंग



### माकूल वातावरण से लौटी शांति

वातावरण को अनुकूल बनाने के लिए काटे गए वनों की जगह हजारों पौधे लगाए गए, 1,000 से अधिक तालाबों और जल स्रोतों को उपयोग के लायक बनाया गया, और ग्रास लैंड विकसित किए गए। इससे चीतल और सांभर जैसे छोटे जानवरों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई, जिससे शिकार के लिए पर्याप्त भोजन मिलने लगा। अनुकूल वातावरण और पर्याप्त शिकार की उपलब्धता के बाद आखिरकार अप्रैल 2025 में बाघ ने यहां स्थायी ठिकाना बना लिया।

### बाघ के डर से हाथियों ने पहाड़ों पर ली शरण

टाइगर रिजर्व में बाघ के वापस आने के बाद, बाघ के विचरण वाले इलाकों से हाथियों ने दूरी बना ली है। सिकासेर और कुलाप दल में लगभग 40 हाथी हैं, जो आमतौर पर जून में मैदानी इलाकों में आ जाते थे। पिछले 4 सालों में मानव-हाथी संघर्ष के कारण 5 से अधिक जानें गईं और करोड़ों रुपये का मुआवजा भी देना पड़ा था, लेकिन इस बार हाथियों के हमलों और फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं।उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि हाथियों के झुंड में एक दर्जन से अधिक बच्चे हैं। बाघ की मौजूदगी से उन्हें खतरा महसूस हुआ, जिसके कारण इस बार उन्होंने पहाड़ों में ही अपना ठिकाना बना लिया है।

### अतिक्रमण और अवैध शिकार पर लगी लगाम

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में 2019 के बाद 2021 में बाघ की चहलकदमी देखी गई थी, लेकिन उसके बाद वह जंगल से गायब हो गया। रिकॉर्ड के मुताबिक, 3 जनवरी 2023 से अभ्यारण्य प्रशासन ने कोर जोन में ओडिशा से आकर बसे अवैध अतिक्रमणकारियों को हटाने का अभियान चलाया। दो साल में 8 जगहों से 300 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर 700 हेक्टेयर वन भूमि खाली कराई गई। वन विभाग का मानना था कि छोटे वन्य जीवों का शिकार यही कब्जाधारी करते थे। इसके अलावा, जंबो एंटी-पोचिंग टीम ने 50 से अधिक घरेलू और अंतरराज्यीय तस्करों को भी पकड़ा। उनसे बाघ और 7 तेंदुओं की खाल, पैंगोलिन और अन्य वन्य जीवों के अवशेष भी बरामद किए गए।

## पिता के घर चोरी करने वाला पुत्र हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

ग्राम बोरसी में अपने ही घर से 2.20 लाख की चोरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने उसके पिता की रिपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुराए थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त, 2025 को टीकूराम साहू ने फिंगेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी, पुत्र और बहू के साथ सुबह करीब 9:30 बजे घर में ताला लगाकर खेत गए थे। सुबह 11 बजे उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है।

घर वापस आकर टीकूराम साहू ने देखा कि दीवान में रखी पेटी से चांदी का करधन (59 तोला), एक जोड़ी सांटी, चांदी की पैरपट्टी (55 तोला), एक जोड़ी ऐंठी, चांदी का करधन (27 तोला), सोने के 7 नेकलेस (5.7 ग्राम) और अलमारी से बहू का चांदी का करधन (23 तोला) गायब था। कुल मिलाकर, 2,17,000 के जेवरात और 3,000 नकदी समेत कुल 2,20,000 की चोरी हुई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर, फिंगेश्वर पुलिस और गरियाबंद साइबर टीम ने तुरंत जांच शुरू की। मौके पर पूछताछ के दौरान, पुलिस को पता चला कि प्रार्थी का पुत्र हुलस साहू (32) संदिग्ध गतिविधियों में शामिल है। हुलस साहू से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किए गए सभी सोने-चांदी के जेवरात और नकदी 3,000 बरामद कर जब्त कर लिया। आरोपी हुलस साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरी कार्रवाई में फिंगेश्वर पुलिस और साइबर टीम गरियाबंद का सराहनीय योगदान रहा।

## नशे में धुत युवक चढ़ा खंभे पर पुलिस ने रेस्क्यू कर नीचे उतारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर फिंगेश्वर के देवार पारा में एक नशे में धुत युवक ने हाई-वोल्टेज ड्रामा कर सबको चौंका दिया। पत्नी से झगड़े के बाद यह युवक करीब 30-40 फीट ऊंचे बिजली के खंभे पर चढ़ गया, जिससे पूरे नगर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शनिवार शाम लगभग 5 बजे, सहकारी बैंक के सामने लगे ट्रांसफॉर्मर के खंभे पर शंभु नाम का युवक नशे की हालत में चढ़ने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली बंद करवाई। तब तक वह युवक बिना किसी सहारे के ऊपर चढ़ चुका ▸▸ शेष पेज 10 पर

### पुलिस और बिजली विभाग की संयुक्त कार्रवाई से बची जान



पुलिस और युवक के परिजन उसे नीचे उतरने के लिए बार-बार कहते रहे, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। इसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने का फैसला किया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों को रस्सी के साथ खंभे पर भेजा गया। बड़ी मुश्किल से दो-तीन कर्मचारियों ने उसे रस्सी से बांधा और सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। इस घटना के बाद, लोगों ने पुलिस और बिजली विभाग की जमकर तारीफ की। लोगों ने कहा कि बिजली विभाग ने समय पर लाइन बंद कर दी और कर्मचारियों ने जोखिम उठाकर युवक को बचाया, वहीं पुलिस ने भी तिरपाल बिछवाकर उसकी जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। इस दौरान, कुछ युवाओं ने मजाकिया अंदाज में कहा कि युवक जन्माष्टमी पर दही-हांडी फोड़ने चढ़ा था, लेकिन हांडी न मिलने पर वह नीचे नहीं उतर रहा था। कुछ लोगों ने इस घटना को 'शोले' फिल्म के टंकी वाले सीन से भी जोड़कर खूब ठहाके लगाए। इस घटना ने एक बार फिर नशे की बढ़ती लत और उसके कारण होने वाली सामाजिक समस्याओं को उजागर किया है।

### बारिश होने से लोगों को मिली गर्मी से राहत खेतों में बढ़ी नमी

**महासमुंद।** रविवार को शहर के मौसम में अचानक बदलाव हुआ, जिससे गर्मी से राहत मिली। सुबह से तेज धुप और दोपहर में हल्की बूंदा बांदी के बाद शाम को हुई बारिश ने लोगो को गर्मी से राहत दिलाई। शहर में शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की गई जिसमें अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री रहा। शहर में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह तेज धूप रही, जिसके बाद दोपहर होते-होते हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। शाम को हुई बारिश ने लोगों को गर्म हवाओं से राहत पहुंचाई और मौसम को ठंडा कर दिया। रविवार को मौसम लगातार करवट बदलता रहा। सुबह में आसमान में तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का अहसास हुआ, लेकिन यह गर्मी ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। शाम होते ही आसमान बादलों से ढंक गया।

## धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी फुलझर में हुआ मटकी फोड़ कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका

जिले और आसपास के क्षेत्रों में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार के लिए मंगल कामनाएं कीं। शुभ मुहूर्त पर भक्तों ने अपने उपवास खोले। जिले के विभिन्न शहरों, कस्बों और गांवों की तरह, ग्राम पंचायत फुलझर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज और सभी ग्रामवासियों के सहयोग से एक भव्य मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक हेमलाल यादव, सामाजिक अध्यक्ष माधव यादव और वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रकाश यादव शामिल हुए। मुख्य अतिथि हेमलाल यादव ने अपने संबोधन में भगवान कृष्ण के प्रमुख संदेश कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन का ▸▸ शेष पेज 10 पर

### कृषि महाविद्यालय के लिए कलेक्टर कराए जमीन आबंटित, फिंगेश्वर में है पर्याप्त जमीन

# फिंगेश्वर में कृषि कॉलेज निर्माण पर संशय प्रशासन की धीमी गति से नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय के निर्माण को लेकर एक बार फिर से संशय की स्थिति बन गई है। राजिम विधायक रोहित साहू ने भले ही फिंगेश्वर में ही कॉलेज बनने की स्पष्ट घोषणा की है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अभी तक जमीन आवंटित न किए जाने से लोगों में असमंजस बना हुआ है। भाजपा फिंगेश्वर मंडल और स्थानीय नागरिकों की लगातार कोशिशों के बाद, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद बृजमोहन अग्रवाल जैसे वरिष्ठ नेताओं ने गरियाबंद जिला कलेक्टर को फिंगेश्वर में ही कृषि महाविद्यालय बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, जिला प्रशासन ने अभी तक सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव नहीं भेजा है।

### छात्रों को हो रही है परेशानी

इस प्रोजेक्ट के लिए 14.92 करोड़ की राशि पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। पिछले 7-8 सालों से यह कृषि कॉलेज एक छोटे से छात्रावास में संचालित हो रहा है, जिससे छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। नागरिकों ने मांग की है कि इस निर्माण में अब और देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि छात्रों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।

### जमीन चयन की प्रक्रिया फिर से शुरू करने का निर्देश

*नागरिक विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने बताया कि विधायक रोहित साहू की घोषणा के बाद वे और उनकी समिति के सदस्य जिला कलेक्टर से मिलने गए थे। कलेक्टर ने उनसे फिर कहा कि वे कृषि महाविद्यालय रायपुर को पत्र लिखेंगे ताकि जमीन देखने के लिए दोबारा टीम भेजी जाए। इसका मतलब है कि पूरी प्रक्रिया फिर से शुरू की जाएगी, जबकि पिछले दो बार अधिकारी जमीन देखने के लिए आ चुके हैं। श्री हरित ने कहा कि दोबारा जमीन चयन की प्रक्रिया शुरू करने का कोई औचित्य नहीं है। पिछली बार अधिकारियों द्वारा देखी गई 22 एकड़, 34 एकड़, 10 एकड़, 17 एकड़ और 12 एकड़ की सरकारी जमीनों में से किसी एक को चयनित कर तुरंत आवंटित कर देना चाहिए।*

## अभाविप की नवीन कार्यकारिणी गठित, मुकेश बने नगर मंत्री




हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला गरियाबंद की छुरा इकाई जो सदैव से प्रदेश स्तर में अपने बड़े-बड़े कार्यक्रम और विभिन्न विषयों में किए गए आंदोलन के लिए चर्चित इकाई है ऐसे छुरा इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया उक्त कार्यक्रम में विभाग संयोजक भिषेक पांडे, जिला संयोजक क्षितिज नारायण तिवारी ,की उपस्थिति रही। सत्र 2025–26 के लिए छुरा इकाई के नेतृत्व करने हेतु टेंगनाबासा के रहने वाले मुकेश यादव को नगर मंत्री का दायित्व दिया गया मुकेश यादव लगातार 4 वर्षों से विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता है और सदैव छात्रहित और राष्ट्रहित हेतु विद्यार्थी परिषद में कार्य करते आ रहे हैं इसके अलावा नगर ▸▸ शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

### शहीद स्मारक में चला स्वच्छता अभियान

**खरोरा।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पंच अंजू चंद्राकर, पंच लतिका यादव, पंच मनीष चंद्राकर,व पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य रामप्यारी साहू, गुलशन चंद्राकर द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस दौरान गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए गांव और शहीद स्मारक के आसपास सफाई किया गया।

### स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला गुरु घासीदास में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला गुरु घासीदास के प्रधान पाठक केशव साहू, अन्य शिक्षकगण, वार्डवासी उपस्थित रहे। पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया और बच्चों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रधान पाठक कल्याण संघ की बैठक हुई

**महासमुंद।** रविवार को गुरु गोविंद सिंह उद्यान, महासमुंद में संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ, महासमुंद की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सोना साहू क्रमोन्नति प्रकरण की तर्ज पर शिक्षकों की क्रमोन्नति, संघ विस्तार एवं वरिष्ठता सूची निर्धारण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना रहा। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक कमल नारायण यादव ने की। बैठक में प्रमुख रूप से ईश्वर साहू, विजय कुमार साहू, पीतांबर पाठक, ओमप्रकाश साहू, सीताराम साहू, राजू दीवान, लोकनाथ पटेल, उमाशंकर शर्मा, पन्ना लाल ध्रुव, तरुण मरई, लखन लाल साहू अनीस ख़ान एवं देवकुमार खुंटे उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संघ की ओर से न्यायालयीन प्रक्रिया के माध्यम से लंबित मुद्दों के समाधान हेतु पहल की जाएगी तथा शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए सतत संघर्ष किया जाएगा।

### सिरको के ग्रामवासियों ने तिरंगे को दी सलामी

**बसना।** ग्राम पंचायत सिरको में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरपंच फगूलाल नेताम ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी, जिसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों ने भी झंडे को सलामी देकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह का मंच संचालन पंचायत सचिव अरुण बुडेक ने किया। इस अवसर पर रोजगार सहायक रमेश ध्रुव, पंचायत प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों एवं नारों से वातावरण गूंज उठा। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उपस्थित जनों ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। बच्चों व ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अंत में सभी को बूंदी का वितरण किया गया और तिरंगे की शान व देश के प्रति समर्पण की भावना से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

**रैली : हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए**

# फिंगेश्वर में विधायक साहू के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा बाइक रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भाजपा विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में फिंगेश्वर में एक विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन 14 अगरस्त को किया गया। इस रैली में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसका उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना जगाना था। रैली की शुरुआत से पहले, विधायक रोहित साहू ने प्रसिद्ध मौली माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरंगा हमारी शान और पहचान है। उन्होंने कहा कि यह बाइक यात्रा फिंगेश्वर से शुरू होकर दर्जनों गांवों में जाएगी और लोगों के दिलों में राष्ट्रप्रेम जगाएगी। इसके बाद, हजारों कार्यकर्ता बाइक पर सवार होकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा पर निकले। रैली को देखकर आम जनता भी आकर्षित हुई और भाजपा के इस प्रयास की सराहना की। लोगों ने कहा कि यह रैली उन्हें यह याद दिला रही है कि तिरंगे को सिर्फ 15 अगस्त और 26 जनवरी को ही नहीं, बल्कि हर दिन याद करना चाहिए। कई लोगों ने अपने घरों पर भी तिरंगा लगाने का संकल्प लिया।

### शहीद फणेश्वर को दी गई श्रद्धांजलि

रैली में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू भी भगवा पगड़ी पहनकर शामिल हुए। यात्रा के दौरान, विधायक रोहित साहू ग्राम सोरिद पहुंचे और शहीद फणेश्वर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद के परिजनों से भी मुलाकात की। इसके बाद, रैली छुरा अंचल के कई गांवों के लिए रवाना हुई, जहाँ लोगों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस रैली में चंद्रशेखर साहू, राजू साहू, जगदीश यादव, मनीष हरित, दीपक श्रीवास, मंजूलता हरित, भुवन साहू, प्रेमलाल टोडर और अरुण सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# छुरा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत कर्मी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत छुरा में आवास योजनाओं और प्रधानमंत्री जनमन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों, सचिवों, तकनीकी सहायकों, रोजगार सहायकों और आवास मित्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना में बेहतरीन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत जामली के तकनीकी सहायक प्रियेश चंद्र वर्मा सरपंच बहुर दीवान सचिव कमला ध्रुव, रोजगार सहायक लक्ष्मी कंवर, आवास मित्र चेतन राम, ग्राम पंचायत सेमरा के तकनीकी सहायक विनय वर्मा, सरपंच ललित कंवर, सचिव केसर साहू, रोजगार सहायक अनिल चंद्राकर, आवास मित्र राम सिंह यादव, ग्राम पंचायत पौड़ के तकनीकी सहायक किशोर साहू, सरपंच कौशल्या कवर, सचिव युवराज सिंहा, रोजगार सहायक राधिका भांडेकर एवं आवास मित्र केशव साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जनपद सदस्य सुखवती बाई, अतिरिक्त मुख्य अधिकारी रूप कुमार ध्रुव, और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### समिति अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

नर्रा । 79 वें स्वतंत्रता दिवस प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा में धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में संस्था के प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक ने ध्वजा रोहण किया। इस दौरान विजय शंकर निगम, पुनउराम पटेल, बालमुकुंद निषाद, रूपेंद्र साहू, दिनेश यादव, पवन निषाद, समिति प्रभारी नाथूराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतनलाल साहू, उमेश पटेल, मिलाप विश्वकर्मा समेत कृषक गण व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# यादव समाज ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

यादव समाज के तत्वावधान में नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें राधा-कृष्ण के भजनों ने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के साथ हुई। जन्माष्टमी के अवसर पर मातृशक्ति ने कलश यात्रा निकाली। इसके साथ ही, राधा-कृष्ण राउत नाचा पार्टी, नुआपाड़ा ने मनमोहक राउत नाचा प्रस्तुत किया, जिसने सबका ध्यान खींचा। भजन कीर्तन और रामायण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें कमांता प्रसाद जय गुरुदेव संकीर्तन (कूड़ेरादादर), नेमीचंद यादव म्यूजिकल ग्रुप भजन संध्या (छुरा), और जय कपीश मानस परिवार(अमकोनी) ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। रात 12 बजे शंखनाद और छप्पन भोग के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस पर्व को लेकर कृष्ण भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नगर के सभी लोगों ने भगवान



श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। सर्व यादव समाज द्वारा हर साल की तरह इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सर्व यादव समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा स्थित आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रायोजित 'एंटी रैगिंग सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के तीसरे दिन एक महत्वपूर्ण कार्यशाला हुई, जिसमें छात्रों को रैगिंग से जुड़ी समस्याओं और उनके कानूनी पहलुओं के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय वीर सुरेंद्र साय पीजी कॉलेज, गरियाबंद के प्राचार्य डॉ. आरके तलवरे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रैगिंग करने वाले छात्रों को सिर्फ अपराधी समझकर दंड देना ही पर्याप्त नहीं है। हमें यह समझना होगा कि वे ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। कई बार सीनियर छात्र खुद असुरक्षा या गलत परंपराओं के शिकार होते हैं। उन्होंने जोर दिया कि संवाद के माध्यम से ऐसे छात्रों को सही रास्ता दिखाना चाहिए, ताकि वे डर का कारण बनने के बजाय एक मार्गदर्शक बन सकें।

■ संवाद, संवेदना एवं सख्ती से रोकें रैगिंग जैसे अपराध







**रैगिंग नकारात्मक प्रभाव डालती है-** वरिष्ठ अधिवक्ता अनुशासन साहू ने छात्रों को भारतीय न्याय संहिता में रैगिंग से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और बताया कि कौन सा अपराध किस श्रेणी में आता है। वहीं, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. नीलाम्बर पटेल ने फिल्मों का उदाहरण देकर समझाया कि रैगिंग जैसी घटनाएं किसी भी शैक्षणिक संस्थान के माहौल को कैसे नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने भी अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिवाकर तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने दिया।

**हर घर तिरंगा रैली भी निकाली गई-** कार्यशाला से पहले, एनएसएस यूनिट और इंजीनियरिंग संकाय के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर ग्राम नवापारा और कोसमी तक गई। रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस यूनिट के संयोजक डॉ. दिवाकर तिवारी और इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक वागेश कुमार ने किया।

# जामली में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटसिवनी

छुरा ब्लॉक के ग्राम जामली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के प्रमुख साहड़ा देव चौक में प्रीतराम यादव ने भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित कराई, जिसके बाद पूरे गांव ने मिलकर इस अनोखे तरीके से उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य भेषमती रूप सिंह साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद, सरपंच बहुर सिंह दीवान, उपसरपंच राजेंद्र यादव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद कलश यात्रा के साथ भगवान का रथ पूरे गांव में घुमाया गया। इस दौरान, क्षेत्र में प्रसिद्ध पुष्पा यादव एंड ग्रुप और केदार व बंटी यादव बाजा ग्रुप द्वारा मनमोहक राउत नाचा प्रस्तुत किया गया, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा के अंत में, सभी ने मिलकर केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में गांव की युवतियों द्वारा प्रस्तुत किया गया



राउत नाचा खास रहा, जिसकी ग्रामीणों ने खूब सराहना की। कुमारी पुष्पा यादव, चांदनी, जागृति, तान्या, दुर्गा लेखनी और हेमलता यादव के ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन किया। रात्रि में मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ और फुगड़ी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें कृष्णा निषाद, मोनिका साहू, डिंपल पटेल, टनीषा साहू, मुस्कान पटेल, तान्या साहू, और हेमप्रिया पटेल ने जीत हासिल की। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में जनक राम यादव, मंगतू यादव, सुदामा यादव, रमेशरू यादव, और महिलाओं में सुखिया बाई, भानबाई यादव सहित कई ग्रामीणों ने विशेष सहयोग दिया।

# रसेला में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व, दही-हांडी और मटकी फोड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला सहित पूरे क्षेत्र में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर रंगमंच पर बच्चों को श्रीकृष्ण, बलराम, राधा और सुदामा के रूप में सजाया गया, जिन्होंने अपनी मनमोहक वेशभूषा से सबका मन मोह लिया। ग्राम प्रमुखों द्वारा विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद, ट्रैक्टर को दुल्हन की तरह सजाकर उसमें बच्चों को बैठाकर बाजे-गाजे के साथ एक भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान, यादव समाज के लोग नाचते-गाते और आतिशबाजी करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। हर घर की महिलाओं ने थाली में आरती लेकर भगवान की पूजा की और हर गली-मोहल्ले में दहीलुट का आयोजन किया गया। रात 11 बजे से 12 बजे



तक समाज भवन के पास मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और युवतियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं रखी गईं। दोनों वर्गों के लिए 1,000 का इनाम रखा गया था। युवा वर्ग में जागृति नवयुवक मंडल ने बाजी मारी, वहीं युवतियों में कोमिन नागेश के ग्रुप ने मटकी फोड़कर इनाम जीता। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और न्याय की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी की कथा हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख डी.आर. यादव, लोकराम यादव, परमेश्वर यादव, धनीराम यादव, नरेश्ववर, नंदकिशोर, बिग्रेद्र ठाकुर, और भावसिंह सहित समस्त यादव बंधु, ग्रामवासी और जागृति नवयुवक मंडल के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

# गोहरापदर में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ग्राम गोहरापदर में ध्वजारोहण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के विभिन्न स्थलों पर तिरंगा फहरा कर आजादी के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया,इसी प्रकार ग्राम पंचायत में सरपंच छमनी बाई मांझी ने तिरंगा फहराया,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बजरंग चौक दुर्गा मंदिर परिसर में भाजपा जिला प्रतिनिधि



एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय के अध्यक्ष तानसिंह मांझी, अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी ने ध्वजारोहण किया,जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में शाखा प्रबंधक दुष्यंत कुमार इंगले,बस स्टैंड गोहरापदर में मोतीबाई पांड़े ने ध्वजारोहण किया, अटल चौक में रुपराम यादव ने ध्वजारोहण किया। पूर्व माध्यमिक शाला में पालक समिति अध्यक्ष दिगाम्बर मांझी ने ध्वजारोहण किया। प्राथमिक शाला में पालक समिति अध्यक्ष सत्याबाई नेताम,राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यालय में क्लस्टर कोषाध्यक्ष लयबती यादव ने ध्वजारोहण किया, ध्वजारोहण पश्चात उपस्थित ग्रामीणों,महिलाओं,युवाओं और बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का वातावरण बनाया,स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में देशभक्ति गीत गाते प्रभात फेरी निकाली।

## पेज 9 के शेष...

### उदंती में हाथियों...

जैन ने बताया कि वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित ठिकाने होंगे तो वे इंसानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। अभ्यारण्य में 125 गांवों की करीब 40 हजार आबादी की सुरक्षा भी उनकी जिम्मेदारी है। वन्य जीव और मानव के बीच संघर्ष को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बाघ की सुरक्षा के लिए एक विशेष निगरानी टीम और आधुनिक तकनीक का सहारा भी लिया जा रहा है।

### नशे में धुत...

था। वह खंभे पर कभी सो रहा था, तो कभी डांस कर रहा था और नीचे उतरने व फिर से चढ़ने की कोशिश कर रहा था। उसकी इस हरकत से सड़क पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत फिंगेश्वर थाने को सूचना दी। थाना प्रभारी गौतम गावड़े अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक की जान बचाने के लिए नीचे तिरपाल बिछवा दिया, ताकि अगर वह गिरे तो सुरक्षित रहे।

### धूमधाम से मनाई...

महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हमें अपने काम को पूरी ईमानदारी और लगन से करना चाहिए और उसके परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए। हमें केवल अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। पूरे क्षेत्र के मंदिरों को रंगीन झालरों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखा और रात में भगवान कन्हैया की पूजा-अर्चना के बाद अपना उपवास खोला। मंदिरों में देर रात तक भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा और श्रीकृष्ण के गुणगान किए गए।

इस कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक यादव समाज था, जिसने पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया। इसमें पदाधिकारी और सदस्यों ने मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, ग्राम के सरपंच, उपसरपंच और पंचों के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

### अभाविप की नवीन...

सहमंत्री रोशन शर्मा ,सोनू यादव ,सौम्या दुबे ,पूनम सिन्हा को बनाया गया, नगर कोश प्रमुख शुभम निषाद, नगर कार्यालय मंत्री यशु पांडे, महाविद्यालय प्रमुख सुजल यादव ,विद्यालय प्रमुख मितेश शर्मा ,सह प्रमुख चंदू यादव, नगर छात्रा प्रमुख सोनिया साहू, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख करण पटेल ,सह प्रमुख कीर्ति साहू, विकासार्थ विद्यार्थी प्रमुख हितेश निषाद, सह प्रमुख योगेश तिवारी ,सेवार्थ विद्यार्थी प्रमुख अविनाश साहू, नगर खेलो भारत प्रमुख तुषार साहू ,सह प्रमुख अरुण शर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख राजेश नागेश, सह प्रमुख रोशन निषाद, कार्यकारिणी सदस्य लोकेश सोनवानी, आरु यादव,लोकेश्वरी यादव, तथा युवराज सिन्हा, को बनाया गया नगर मंत्री एवं सभी सहमंत्री का यह कहना था की आने वाले समय में विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छुरा विकासखंड के अंदर छात्रों की आवाज को और बुलंद करने का कार्य किया जाएगा। विभाग संयोजक ने कहा कि छुरा इकाई ने शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय के समस्याओं के समाधान हेतु आंदोलन से लेकर एक शाम देश के नाम जैसा रचनात्मक कार्यक्रम को सम्पन्न बनाया है, जिला संयोजक क्षितिज नारायण तिवारी ने कहा कि छुरा इकाई जिले में सबसे ज्यादा आंदोलन करने वाला इकाई है, नगर मंत्री मुकेश यादव ने बताया कि पूरी निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे ।नवीन कार्यकारिणी गठन पर पूर्व जिला संयोजक एवं पार्षद भोले शंकर जायसवाल सामाजिक कार्यकर्ता मानसिंह निषाद, पूर्व जिला संयोजक अमन चंद्राकर ,पूर्व कार्यकर्ता लीलाधर ध्रुव ,एवं अन्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक रजत व राहुल का उत्कृष्ट शैक्षणिक के लिए किया सम्मानित

**गरियाबंद।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड, गरियाबंद में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसामबुड़ा, छुरा के दो शिक्षकों, रजत पाल (पीजीटी भौतिकी) और राहुल यादव (टीजीटी गणित), को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़, और जिला कलेक्टर बीएस उइके ने संयुक्त रूप से दोनों शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।
रजत पाल (पीजीटी, भौतिकी): उन्हें कक्षा 11वीं और 12वीं में भौतिकी विषय के प्रभावी अध्यापन के लिए सम्मानित किया गया। उनके कुशल मार्गदर्शन से सत्र 2024-25 में 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुआ। साथ ही, विद्यालय संचालन में उनके सक्रिय योगदान की भी सराहना की गई। राहुल यादव (टीजीटी, गणित): उन्हें गणित विषय के परिणामोन्मुख और रोचक शिक्षण के लिए यह सम्मान मिला। उनके प्रयासों से सत्र 2024-25 में 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता मिली, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने दोनों शिक्षकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, निष्ठा और लगन के कारण विद्यालय शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। यह सम्मान न केवल दोनों शिक्षकों के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह पूरे विद्यालय परिवार को भी प्रेरित करता है। यह सम्मान शिक्षकों के समर्पण और छात्रों के भविष्य को संवारने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। यह उन सभी शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा है जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

### जन्माष्टमी पर निकली कलश यात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में हर्षोल्लास के साथ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कलश यात्रा निकाला गया और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष मोंगरा पटेल मुख्य अतिथि ने कहा कि गांव में ऐसा भव्य कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन ऐतिहासिक व अनुकरणीय है। इस अवसर पर किशन पटेल, शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, सरपंच दिगंबर पटेल, हुसन निर्मलकर, अजय गुलशन, सुनील आदि उपस्थित थे। शिक्षक कौतुक पटेल ने बताया कि गांव में कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन का यह अठारह वर्ष है। पूरा गांव में हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की ध्वनि से गूंजायमान हो रहा है। इस अवसर पर विभिन्न खेल का आयोजन व रात्रि में रामचरित्र मानस गान का आयोजन किया गया। संध्या मटकी फोड़ दही लूट का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, अध्यक्षता ब्रम्हानंद पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, विशेष अतिथि जवाहर दीवान पूर्व सदस्य जिला पंचायत, दिगंबर पटेल, सरपंच देवराज ठाकुर, पूर्व सरपंच युवा भाजपा नेता नितिन जिंदल मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि ने गांव के युवाओं की एकता की मिसाल देते हुए शिक्षा के प्रति भी जन जागृति का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे ब्रम्हानंद पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवचरण ध्रुव व आभार प्रदर्शन कौतुक पटेल ने किया।
इस अवसर पर शोभा राम ध्रुव पत्रकार, बसंत पटेल, खूबचंद दुबे, भरत दीवान, दीपक पटेल, रूपेंद्र भोजराम, उप सरपंच युवराज पटेल आदि उपस्थित थे।

## पर्व : स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से हमें प्राप्त हुई है यह स्वाधीनता - नेतराम

# बोड़की में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बोड़की और उनके आश्रित ग्राम फुलझर, जोगीडीपा में झंडातोलन का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पंचायत भवन बोड़की सरपंच नेतराम सिन्हा, स्कूल बोड़की शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष पोषण साहू, जोगीडीपा में जनपद सदस्य प्रेमिन मिथलेश ध्रुव, कमार पारा स्कूल उपसरपंच लेखराम साहू, फुलझर में सेवानिवृत्त शिक्षक आरबी वर्मा, धनश्याम गुप्ता ने ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के बाद सरपंच बोड़की नेतराम सिन्हा ने कहा कि हम आज जिस आज़ादी का आनंद ले रहे हैं, वह हमें सहज नहीं मिली। लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से हमें यह स्वाधीनता प्राप्त हुई है। 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर महात्मा गांधी के सत्याग्रह आंदोलन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अदम्य साहस, भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान तक हमारे इतिहास का प्रत्येक पृष्ठ हमें यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता की रक्षा निरंतर जागरूकता और समर्पण से ही संभव है। इस मौके पर जनपद सदस्य प्रेमिन मिथलेश ध्रुव, सरपंच नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेखराम साहू, पंचायत सचिव गोवर्धन सेन ,विशाखा सिन्हा,टोमन ध्रुव, भुषण,पुनम, भोजराम साहू,छत्रानि,गिरधर,लता, नारायण, मिथलेश ध्रुव,हेमलाल,राजेश्वरी, चुम्मन, ललीत,मोना रतनी ,लेखन,भुवन, उमेश नेताम ,शीतल उपस्थित थे।

**जनप्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त का सम्मान-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सूर्या युवा संगठन फुलझर के तत्वावधान में जनप्रतिनिधि एंव सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच बोड़की नेतराम सिन्हा, सेवानिवृत्त शिक्षक घनश्याम गुप्ता, राम विशाल वर्मा सेवा, पूर्व जनपद सदस्य दीनदयाल दीवान, ग्राम पटेल बिजूराम साहू, कार्तिक राम दीवान, पूर्व सरपंच मनराखन दीवान, पूर्व सरपंच रामजी साहू को सॉल, श्रीफल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।




### फणीकेश्वरनाथ कॉलेज एवं जुपिटर स्कूल में ध्वजारोहण व पौधा रोपण

**फिंगेश्वर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय और जुपिटर पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय के नवनियुक्त अध्यक्ष राजू साहू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे उन अमर बलिदानियों की वीरता और बलिदान को याद करने का पर्व है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने महाविद्यालय के विकास, उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और नवाचार के लिए सभी के साथ मिलकर काम करने की बात कही। वहीं परमानंद यादव ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य देवादास बंजारे ने



सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक कमलेश्वर निषाद ने किया और आभार रितेश गोलछा ने व्यक्त किया। समारोह के दौरान, महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सभी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित धरोहर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य देवादास बंजारे, सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं, विद्यालय स्टाफ, और स्थानीय नागरिक जैसे परमानंद यादव, मोनू गुप्ता, जितेंद्र साहू, मुकेश साहू, सूर्यांश कश्यप, हुलास साहू और ओंकार साहू उपस्थित थे।



## हमर मैनपुर चौक में विधायक जनक ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में इस साल भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर ने 'हमर मैनपुर चौक' पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। सुबह 7:30 बजे, बिंद्रा नवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने ध्वजारोहण किया, जिसके बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, नेयाल नेताम, खेतल साहू, लिकेश यादव, थानुराम पटेल, डोमार साहू, हरीश्वर पटेल, शाहिद मेमन, गजेंद्र यादव, त्रिनाथ नायक, जाकिर रजा, मनीष पटेल, धनेश्वर पटेल, विरेंद्र श्रीवास्तव और बड़ी संख्या में नगरवासी व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए क्षेत्र में एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया।

## नगर पंचायत फिंगेश्वर में राजेन्द्र ने फहराया तिरंगा





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र (धनराज) सूर्यवंशी ने कार्यालय में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रगान के बाद भारत माता की जय और तिरंगे झंडे की जय के नारों से पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। समारोह को संबोधित करते हुए, नगर अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी ने स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी को राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में नगर के विकास और समस्याओं को दूर करने के लिए किए गए वादों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। सूर्यवंशी ने बताया कि नगर के प्राचीन सरोवर की सफाई करवाकर उसका सौंदर्य बढ़ाया गया है और आगे भी उसकी स्वच्छता का ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर पत्रकार अरेंद्र पहाड़िया और नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए शहीदों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया और युवाओं को राष्ट्रहित में आगे आने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश यदु ने किया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के बाद, उपस्थित लोगों में प्रसाद के रूप में बूंदी और सेव का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, अनिल चंद्राकर, जगदीश पार्षद, हेमनारायण महिलांग, श्रीमती शांति कौसरे, संतोषी श्रीवास्तव, श्रीमती मंजूलता हरित, पदमा यदु, ज्योति ठाकुर, रामधीन साहू, अभिषेक सोनी, नरेंद्र रात्रे, रामनारायण टांडेकर, शरद चतुर्वेदी, महावीर यादव, जितेंद्र शर्मा, योगेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

## सशिमं बोरसी में मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

सरस्वती शिशु मंदिर, बोरसी के तत्वावधान में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू थीं, जिनके कर कमलों से ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद, स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान, बच्चे देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी के स्कूल वापस लौटने पर, अतिथि मंच पर आए सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पुष्पा जगन्नाथ साहू ने अपने संबोधन में आजादी के लिए बलिदान देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा कि हम उन शहीदों का कर्ज कभी नहीं चुका सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनकी दिलाई हुई आजादी सुरक्षित रहे। उन्होंने बताया कि आजादी की लड़ाई में बूढ़े, जवान और महिलाओं सहित सभी ने मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ एक बड़ा मोर्चा बनाया। महात्मा गांधी, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव



जैसे अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उनके साहस और दृढ़ संकल्प के आगे ब्रिटिश सरकार को झुकना पड़ा और उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। इस समारोह में कस्तूरी तारक, बिहान ग्राम संगठन अध्यक्ष नूतन साहू, व्यवस्थापक रवि साहू, प्रधानाचार्य मुकेश यदु, डिगेश्वर साहू, शिरोत्तम देवांगन और सभी आचार्य एवं विद्यार्थीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक पांडेय ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर के जिला सहकारी बैंक फिंगेश्वर में शाखा प्रबंधक एस एन पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित स्टाप ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर सहायक लेखापाल संजय गोस्वामी, पर्यवेक्षक तोषण साहू, लिपिक महेश सिन्हा, लिपिक हेमलता सोनी, अमरीका साहू, लोकेश साहू, रूबी साहू, दमेश्वर साहू एवं नागरिक गण उपस्थित थे।



## चरौदा सहकारी समिति में प्राधिकृत अधिकारी ने किया ध्वजा रोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चरौदा में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी इतवारी राम सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाकर तिरंगे को सलामी दी और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

ध्वजारोहण के बाद, प्राधिकृत अधिकारी इतवारी सिन्हा ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही सरकार की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को कृषि कार्य में किसी भी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति और वितरण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण डीएपी खाद के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी, एनपीके और एसएसपी खाद उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इतवारी सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 3,100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, और किसानों को खरीदी केंद्रों पर तुरंत 10,000 का भुगतान जैसी घोषणाओं को पूरा किया है। इस कार्यक्रम में सरपंच गजानंद साहू, समिति प्रबंधक हेमंत साहू, पूर्व समिति प्रबंधक संतु साहू और ऑपरेटर रूपेंद्र साहू सहित कई गणमान्य नागरिक, किसान, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।



### संगठन में सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

# विश्व हिंदू परिषद ने गांवों में चलाया संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने हाल ही में मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का दौरा कर संगठन के उद्देश्यों और महत्व पर चर्चा की। इस अभियान का लक्ष्य लोगों को सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित होने का आह्वान करना था। कार्यकर्ताओं ने नदीपारा, जीडार, बरदुला, मैनपुर, बोइरगाँव, ठेमली, मैनपुर कला, देहारगुड़ा, गिरोला, गोपालपुर, भाठीगढ़, हल्दीभाटा, जयंतीनगर, शांतिनगर, जाड़ापदर, और गौरघाट जैसे कई गाँवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को विहिप की गतिविधियों से अवगत कराया और उन्हें संगठन में सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक संगठित समाज ही अपनी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र की रक्षा कर सकता है। पावन कृष्ण जन्माष्टमी के दिन, विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना और संगठन की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यकर्ताओं ने समाज में सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया।



इस अभियान के दौरान, कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों, बैठकों और सेवा गतिविधियों की जानकारी भी दी और सभी से इनमें सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इस पूरे अभियान में मैनपुर प्रखंड के कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें अध्यक्ष तेजेस्वर सोनवानी, उपाध्यक्ष मनीष निर्मलकर और धनराज सोनवानी, मंत्री युगदास वैषणव, संयोजक देव वासनिक, सह-संयोजक तुलसी नारायण नायक, गौ रक्षा प्रमुख दुर्गेश निर्मलकर, गुलशन साहू, गौरव बम्बोड़े, पियूष गवाले, तोसन सोनवानी, भोजेश्वर दुबे, डायमंड दुबे, तोरण यादव, पुष्पेंद्र पटेल, डोमार जगत, लव मरकाम, नीरज ध्रुव, युवराज, करण मरकाम, गजेंद्र, तिलेश निर्मलकर, देवेंद्र साहू, और संदीप निर्मलकर शामिल थे।

## छुरा में किराना व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

किराना व्यापारियों की आम बैठक सिंधी धर्मशाला में रविवार को हुई। जिसमें नए पदाधिकारियों का चयन सर्व सम्मति से किया गया जो किराना संघ को आगे मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। पदाधिकारियों का चयन

किराना व्यापारी संघ, छुरा, संरक्षक शंकरलाल परसराम, अध्यक्ष अशोक माधवानी, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, कोषाध्यक्ष अजय नागदेव, सचिव अशोक जैन कार्यकारिणी सदस्य सोनू सचदेव, मनोज सितलानी,मो हनीफ मेमन, मनोज कोठारी, प्रदीप साहू, विनय गुप्ता बैठक में सदस्य सम्मिलित थे।

खबर संक्षेप



## सेवा निवृत्त हुए दो पंचायत सचिवों को दी गई विदाई

**मैनपुर।** मैनपुर तहसील मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर इको सेंटर कोयबा में रविवार को ब्लॉक सचिव संघ ने एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मदांगमुड़ा के सचिव कैलाश यदु और सरगीगुड़ा के सचिव दुरुप सिंह सोनवानी को उनकी सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया गया। दोनों सचिवों को शॉल और श्रीफल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई और सम्मान के साथ विदाई दी गई।
इस मौके पर ब्लॉक सचिव संघ, मैनपुर के अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव, संतोष गुप्ता, पुस्तम नागेश, कैलाश ठाकुर, निलांबर यादव, जामधर साहू, भोजनाथ भाठी, श्याम कश्यप, भुनेश्वर वर्मा, जंलधर राजपूत, जलंधर यादव, रूपेंद्र यदु, थानसिंह नायक, दशरथ जगत, घनश्याम नागेश, बसंत सिन्हा, उपेंद्र नेताम, परमेश्वर सेठी, मनोज साहू, त्रिवेणी नागेश, नरियाराम दंता और चंपेश्वर दास सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग की नई कार्यकारिणी का गठन

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम दासोपारा चिचिया स्कूल भवन में आज रविवार को सर्व



आदिवासी समाज युवा प्रभाग कांदाडोंगर परिक्षेत्र की बैठक आयोजित किया गया जिसमें समाज के विकास और उत्थान पर चर्चा किया गया साथ ही क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ने चर्चा किया गया, सर्व सम्मति से पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष भोले मांझी, संरक्षक पुलस्त मांझी, उपाध्यक्ष खिलेन्द्र कपील, सचिव टिके"वर सोरी, महासचिव रमेंश ओंटी, कोशाध्यक्ष नेहरू मांझी, जयकिशन मरकाम, मिडिया प्रभारी कुंजबिहारी, डोले"वर धुरवा, ओंकार नेताम, प्रवक्ता राजेश मरकाम, हिमांचल नेताम, मधु नागेश, सलाहकार परमांनंद नागेश, अमर कोमर्रा, टिके"वर नेताम, शिवप्रसाद नेताम को चुना गया।

## मंदिरों में श्रीकृष्ण के जयकारे के धूम रही


**तेंदूकोना।** शनिवार को अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर में सुबह से ही पर्व को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। मंदिरों में दिनभर जय कन्हैया लाल की व गोविंदा आला रे आला की गूंज सुनाई देती रही, सुबह से ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचते रहे। वही पर्व को मनाने छोटे छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गोप-गोपिकाओं के वेष के साथ आकर्षक झांकी निकाली गई व जगह-जगह दही लूट, मटका फोड़ का आयोजन किया गया। शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा गोप-गोपिकाओं के वेश में पूरे गांव में रैली निकालकर चौक चौराहे में लगे मटके को फोड़ा गया। बाद हाई स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**पर्व :** विधायक रोहित साहू व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय की मौजूदगी में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने फहराया तिरंगा

# नगर विकास में कभी कोई कमी नहीं होगी : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय की मौजूदगी में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विधायक रोहित ने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर के विकास में कभी कोई कमी नही होगी, नगरवासियों के भावनाओं के अनुरूप नगर का विकास होगा। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, तुषार कदम, नरोत्तम सिंह ठाकुर, आकाश राजपूत, टंकेश्वर सोनकर,अंजली-उत्तम निषाद, सुरेश पटेल, अजय पटेल, सुमित्रा रतन निराला, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ,कुलेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, देवेंद्र साहू ,छाया राही, शरद पारकर ,पुरन यादव, संजीव साहू, भावेश ठाकुर, श्याम साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।





## श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में विधायक साहू ने फहराया ध्वज

**नवापारा-राजिम।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने ध्वजारोहण कर सलामी दी और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान हुआ। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत एवं वंदना प्रस्तुत की गई, जिसने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज का दिन हमें उन वीर सपूतों के बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कहा कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक आजादी नहीं, बल्कि यह शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक न्याय का भी प्रतीक है। श्री साहू ने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसे अभियानों में सक्रिय भाग लें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महाविद्यालय के अधोसंरचना विकास और छात्र-हितैषी योजनाओं में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने कहा कि




स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि यह हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है कि हमने अपने देश के विकास में कितना योगदान दिया है। बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों ने हमें जो आजादी दी है, उसे बनाए रखना और सशक्त बनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। डॉ. शुक्ला ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भावना को अपनाएं, जिससे वे भविष्य में राष्ट्र के सशक्त स्तंभ बन सकें। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,धनमती साहू,साधना सौरज, योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, मुकुंद मेश्राम,अशोक नागवानी, राजकुमार कंसारी, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा ,जन भागीदारी की अध्यक्ष जीना सुजीत निषाद, अशोक गंगवाल, राजू रजक ,एस.आर. वड्डे, प्रमेन्द्र उपाध्याय, सरस्वती बेरवंशी, रजिया सुल्ताना, रमेश कुमार लहरे, श्वेता मिश्रा, पीयूष कांत भारद्वाज, मोनिका साहू, पुष्पलता कँवर, नंदनी साहू मौजूद थे।

## राजिम सोसायटी में महाध्यक्ष जितेंद्र ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम सोसाइटी में अध्यक्ष एवं जिला सोसायटी संघ के महाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समिति के स्टाफ और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत पाण्डुका में सरपंच और गणमान्य नागरिकों ने फहराया तिरंगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत पांडुका में एक गरिमामय समारोह के बीच सरपंच भानु ध्रुव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होने ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामना दी। इसी तरह ग्राम पांडुका के गांधी चौक में यहां के गणमान्य नागरिक बिसनलाल साहू ने ध्वजारोहण कर ग्रामवासियों को बधाई दिया। इस अवसर पर राज साहू, भाजपा नेता नागेंद्र साहू, पुरूषोत्तम चक्रधारी, आचार्य नरेश शर्मा, रामखिलावन शर्मा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### जेंजरा सोसायटी में अध्यक्ष महेश ने किया ध्वजारोहण



**राजिम।** कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित जेंजरा पं क्र 46 में सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होने अपनी शुभकामनाएं दी। सोसायटी के अधिकारी,कर्मचारियो ने अध्यक्ष श्री साहू का गुलाल लगाकर स्वागत किया।

## दुलना में सरपंच नंदकुमार ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत दुलना में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान, ग्राम के सरपंच नंदकुमार साहू ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व की शुरुआत की।

इस महत्वपूर्ण मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इनमें





सोसायटी अध्यक्ष दौवाराम साहू के साथ-साथ भारत निषाद, अरुण साहू, बुद्धेश्वर साहू, धनीराम साहू, घनश्याम साहू, घनश्याम निषाद, जितेंद्र साहू, कमल साहू, किशन निषाद, कुमार साहू, लीलाराम साहू, लोकेश साहू, मनोज साहू, मिथलेश साहू, मोहित साहू, नरेंद्र साहू, ओंकार निषाद, ओमप्रकाश साहू, पंकज मानिकपुरी, पुखराज साहू, पुनीत साहू, राजकुमार निर्मलकर, ताराचंद साहू, तरुण साहू, विजय साहू, यादराम साहू, डिहूराम निषाद, डीगेश साहू, लोकनाथ साहू और मुकेश साहू जैसे कई प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। सरपंच नंदकुमार साहू ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर सभी ग्रामवासियों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी। इस समारोह ने गांव में देशभक्ति और एकता की भावना को मजबूत किया।

## परसदा में सरपंच रमेश ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में 15 अगस्त के अवसर पर पंचायत भवन में सरपंच रमेश वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होने ग्रामवासियो को शुभकामनाएं दी। ग्राम के प्राथमिक शाला में अध्यक्ष टीकू यादव ने ध्वजरोहण किया। उन्होने सबसे पहले महात्मा गांधी ,पंडित जवाहरलाल नेहरू ,मां सरस्वती के छायाचित्र में पूजा अर्चना किया। बच्चों द्वारा अतिथियो का स्वागत करने के बाद देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। बच्चों को प्रोत्साहन राशि के रूप में भाषण ,गीत ,कविता के लिए सरपंच रमेश वर्मा ने प्रत्येक बच्चो को 100-100 रूपए प्रदान किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकू यादव ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है। महापुरुषों के द्वारा दिए गए बलिदान को हम भुला नही सकते। 1947 को हमारा देश आजाद हुआ। कार्यक्रम समापन के बाद बच्चों को मिठाई वितरण किया गया।








## फिंगेश्वर कृषि कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा रैली और चलाया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 'हर घर तिरंगा' रैली और 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह प्रमुख थे। यह आयोजन अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर और सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. सौरभ पद्मशाली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक तिरंगा रैली निकाली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना था। इसी मौके पर 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जहां सभी छात्रों और शिक्षकों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।





डॉ. अजित मन्नाड़े ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि डॉ. सौरभ पद्मशाली ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में राम चरण साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सभी छात्र और शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ नशे के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। छात्रों और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

